Title: Need to effectively implement Sampoorna Gramin Rojgar Yojana - Laid.

श्री बालकृण चौहान (घोसी): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान एक महत्वाकांक्षी योजना, "सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना" की निरर्थकता की ओर दिलाना चाहता हूं। इस योजना में देश के ग्रमीणजनों को रोजगार उपलब्ध करने हेतु हजारों करोड़ रूपये आबंटित किये जाते हैं, जबकि देश के अधिकांश जिलों में कार्यदायी संस्थायें ठेकेदारों के माध्यम से ट्रैक्टर द्वारा कच्चे मार्गो पर नाम मात्र की मिट्टी डालकर सरकार का हजारों करोड़ रूपये खर्च कर रही है। सरकार के हजारों करोड़ रूपये अपव्यय से बचाने हेतु तथा योजना के उद्देश्य के वास्तविक पूर्ति हेतु उक्त योजना के पुनर्गठन की आवश्कता है।

अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि "सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना" को साथ ढंग से लागू करने के लिए कच्चे कार्य पर रोक लगाये तथा किये गये कार्य की जांच की व्यवस्था करे।